**S 1523**

# SSLC EXAMINATION, MARCH - 2020

## HINDI

Third Language

Time : 1½ Hours

Total Score : 40

---

**सामान्य निर्देश :**

- पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाईम है।
- इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।

---

**सूचना : 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 1 और 2 के उत्तर लिखें।** Score

> वे एक दूसरे के बहुत नज़दीक रहकर, बल्कि कहना चाहिए बिलकुल सटकर बीरबहूटियाँ खोजते थे। उन्हें देखने के लिए वे बारिश की गंध भरी भूरी ज़मीन पर बैठ जाया करते थे। "बेला, देखो इस बीरबहूटी का रंग तुम्हारे रिबन के जैसा लाल है।" साहिल ने कहा। "तुमने कुछ सुना बेला?" "हाँ, सुना। पहली घंटी लग गई है।" "लेकिन मुझे पैन में स्याही भी भरवानी है, दुकान से।"

1. साहिल और बेला बीरबहूटियाँ कैसे खोजते थे? 1

   (क) अलग-अलग रहकर (ख) पेड़ पर चढ़कर

   (ग) बहुत नज़दीक रहकर (घ) पानी में उतरकर

2. कहानी के इस प्रसंग के अनुसार **पटकथा का एक दृश्य** लिखें। 4

**सूचना : 'आई एम कलाम के बहाने' फ़िल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 3 से 5 तक के उत्तर लिखें।**

> वह तय करता है कि वह अपनी चिट्ठी सीधे अपने हमनाम डॉ कलाम को दिल्ली जाकर खुद देगा। और वह अकेला ही निकल पड़ता है। रास्ते में मुश्किलें हैं। लेकिन कथा के अंत में कलाम को अपनी मंजिल मिलती है।

3. '**हमनाम**' शब्द का मतलब क्या है? 1

   (क) अलग नामवाला (ख) उपनामवाला (ग) समान नामवाला (घ) साधारण नामवाला

P.T.O.

Score

4. 'छोटू को अपनी मंज़िल मिलती है।' उसकी मंज़िल क्या थी? 2

5. अपने पत्र में छोटू ने क्या-क्या बताए होंगे? डॉ कलाम के नाम छोटू का **पत्र** कल्पना करके लिखें। 4
*(पत्र का कलेवर 70 शब्दों का हो)*

**अथवा**

'प्रगति फ़िल्म क्लब, चेन्नै' के वार्षिक समारोह में 'आई एम कलाम' फ़िल्म का प्रदर्शन होनेवाला है। इसके लिए एक **पोस्टर** तैयार करें।

सूचना : **'सबसे बड़ा शो मैन' जीवनी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 6 से 8 तक के उत्तर लिखें।**

> चार्ली को वह अक्सर अपने साथ थियेटर ले जाती थी। उस दिन भी परदे के पीछे खड़ा वह आवाज़ के तमाशे को देख रहा था। माँ और मैनेजर में बहस होते देख वह वहाँ गया। मैनेजर ने चार्ली को माँ के कुछ दोस्तों के सामने अभिनय करते देखा था और वह उसे स्टेज पर भेजने की ज़िद करने लगा।

6. सही वाक्य चुनकर लिखें। 1
(क) माँ सोचना लगा। (ख) माँ सोचने लगे। (ग) माँ सोचनी लगी। (घ) माँ सोचने लगी।

7. मैनेजर किसकी ज़िद करने लगा? 1

8. चार्ली को स्टेज पर भेजने के बारे में चार्ली की माँ और मैनेजर के बीच बातचीत हुई। वह **बातचीत** कल्पना करके लिखें। *(बातचीत में पाँच विनिमय हों)* 4

**अथवा**

अंततः मैनेजर चार्ली को स्टेज पर ले गया। यह चार्ली का पहला शो था। उसने कमाल कर दिया। इसपर समाचार पत्र की **रपट** कल्पना करके लिखें। *(रपट में लगभग 80 शब्द हों)*

सूचना : **'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें, प्रश्न 9 और 10 के उत्तर लिखें।**

> क्या अंतरिक्ष में गिर गई हैं सारी गेंदें
> क्या दीमकों ने खा लिया है
> सारी रंग-बिरंगी किताबों को
> क्या काले पहाड़ के नीचे दब गए हैं सारे
> खिलौने
> क्या किसी भूकंप में ढह गई हैं
> सारे मदरसों की इमारतें

Score

9. **विशेषण** शब्द चुनकर लिखें। 1

(क) गेंद (ख) खिलौना (ग) काला (घ) दीमक

10. कवि और कविता का परिचय देते हुए प्रस्तुत **पंक्तियों का आशय** लिखें। 4

**सूचना : 'दिशाहीन दिशा' यात्रावृत्त का अंश पढ़ें और प्रश्न 11 से 13 तक के उत्तर लिखें।**

> "अब लौट चलें साहब", कुछ देर बाद उसने कहा, "सर्दी बढ़ रही है और मैं अपनी चादर साथ नहीं लाया।" अविनाश ने झट से अपना कोट उतारकर उसकी तरफ़ बढ़ा दिया। कहा, "लो, तुम यह पहन लो। अभी हम लौटकर नहीं चलेंगे। तुम्हें कोई ग़ालिब की चीज़ याद हो, तो सुनाओ।"

11. सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

(क) वे + ने = उसने (ख) यह + ने = उसने (ग) ये + ने = उसने (घ) वह + ने = उसने

12. बूढ़ा मल्लाह अब्दुल जब्बार लौटने को क्यों कहता है? 1

(क) सर्दी होने से (ख) बारिश होने से (ग) भूख लगने से (घ) अंधेरा होने से

13. भोपाल ताल की सैर के बारे में मोहन राकेश डायरी लिखता है। संभावित **डायरी** लिखें। 4

**अथवा**

बूढ़े मल्लाह अब्दुल जब्बार की चरित्रगत विशेषताओं पर **टिप्पणी** लिखें।

- मेहनती
- सादा जीवन बितानेवाला
- अच्छा गायक
- खुशमिज़ाज़

**सूचना : 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 14 से 16 तक के उत्तर लिखें।**

> गंगी का विद्रोही दिल रिवाज़ी पाबंदियों और मज़बूरियों पर चोटें करने लगा – हम क्यों नीच हैं और ये लोग क्यों ऊँच हैं? इसलिए कि ये लोग गले में ताग डालते हैं? यहाँ तो जितने हैं, एक-से-एक छंटे हैं। चोरी ये करें, जाल-फ़रेब ये करें, झूठे मुकदमे ये करें।

14. 'ठाकुर का कुआँ' कहानी में चर्चित मुख्य समस्या क्या है? 1

(क) नारियों पर अत्याचार (ख) ऊँच-नीच का भेदभाव

(ग) बेकारी (घ) बालविवाह

15. 'हम क्यों नीच हैं और ये लोग क्यों ऊँच हैं?' गंगी के इस विचार पर आपका मत क्या है? 2

Score

16. सही मिलान करें। 4

| | |
|---|---|
| रिवाज़ी पाबंदियों का | अपराध करते हैं। |
| ऊँच-नीच का भेदभाव | विरोध करना चाहिए। |
| छंटे लोग | सारा गाँव पीता है। |
| ठाकुर के कुएँ का पानी | स्वस्थ समाज का लक्षण नहीं है। |

**सूचना : 'बसंत मेरे गाँव का' लेख का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 17 से 19 तक के उत्तर लिखें।**


बसंत फूलदेई का त्यौहार लेकर आता है। देर शाम तक बच्चे फूल चुनते हैं। इन फूलों को रिंगाल से बनी खास तरह की टोकरियों में रखा जाता है। टोकरियों को रात भर पानी से भरी गागरों के ऊपर रखा जाता है ताकि वे सुबह तक मुरझा न पाएँ।

17. फूलदेई का त्यौहार किस ऋतु में मनाया जाता है? 1

18. सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

(क) बच्चा फूल चुनती है।
(ख) बच्चा फूल चुनते हैं।
(ग) बच्चा फूल चुनता है।
(घ) बच्चा फूल चुनते हो।

19. कोष्ठक के शब्दों से पिरामिड की पूर्ति करें। 2
(खुशी से, गाँव-गाँव में)




-oOo-

**C**

**CCE PF**
**CCE PR**
**NSR & NSPR**

**ಕರ್ನಾಟಕ ಪ್ರೌಢ ಶಿಕ್ಷಣ ಪರೀಕ್ಷಾ ಮಂಡಳಿ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003**

**KARNATAKA SECONDARY EDUCATION EXAMINATION BOARD, MALLESHWARAM, BANGALORE – 560 003**

**ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಪರೀಕ್ಷೆ, ಮಾರ್ಚ್/ಏಪ್ರಿಲ್, 2022**

**S. S. L. C. EXAMINATION, MARCH/APRIL, 2022**

**ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು**

**MODEL ANSWERS**

ದಿನಾಂಕ : 08. 04. 2022 ] **ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H**

Date : 08. 04. 2022 ] **Code No. : 61-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : Third Language — HINDI

**( ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ & ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಎನ್.ಎಸ್.ಆರ್. & ಎನ್.ಎಸ್.ಪಿ.ಆರ್. )**

**( Private Fresh & Private Repeater / NSR & NSPR )**

[ ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100

[ Max. Marks : 100

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| I. | **निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** 10 × 1 = 10 | |
| 1. | 'शिक्षित' शब्द का विलोम रूप है –<br>(A) शिक्षा (B) अशिक्षित<br>(C) दीक्षा (D) शिक्षण ।<br>**उत्तर :** (B) अशिक्षित | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 2. | 'बेटा' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है – | |
| | (A) बेटी (B) पोती | |
| | (C) सुत (D) पुत्र । | |
| | **उत्तर :** (A) बेटी | 1 |
| 3. | निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द है – | |
| | (A) डिब्बा (B) दायरा | |
| | (C) कमरा (D) किताबें । | |
| | **उत्तर :** (D) किताबें | 1 |
| 4. | 'चलना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है – | |
| | (A) चल (B) चलनशील | |
| | (C) चलाना (D) चिल्लाना । | |
| | **उत्तर :** (C) चलाना | 1 |
| 5. | 'पर्वतावली' शब्द में संधि है – | |
| | (A) दीर्घ (B) गुण | |
| | (C) वृद्धि (D) यण् । | |
| | **उत्तर :** (A) दीर्घ | 1 |
| 6. | निम्नलिखित में से तत्पुरुष समास का उदाहरण है – | |
| | (A) माता-पिता (B) चौमास | |
| | (C) भरपेट (D) राजवंश । | |
| | **उत्तर :** (D) राजवंश | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 7. | बड़ा अच्छा सवाल है ! | |
| | वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है – | |
| | (A) पूर्ण विराम (B) विस्मयादिबोधक | |
| | (C) प्रश्नवाचक (D) अल्प विराम । | |
| | **उत्तर :** (B) विस्मयादिबोधक | 1 |
| 8. | अब्दुल कलाम का जन्म रामेश्वरम ...................... हुआ । | |
| | रिक्त स्थान में सही कारक चिह्न होगा – | |
| | (A) के (B) से | |
| | (C) का (D) में । | |
| | **उत्तर :** (D) में | 1 |
| 9. | 'पवन' शब्द का पर्यायवाची रूप है – | |
| | (A) वायु (B) अग्नि | |
| | (C) धरती (D) आकाश । | |
| | **उत्तर :** (A) वायु | 1 |
| 10. | 'पौ फटना' मुहावरे का अर्थ है – | |
| | (A) शाम होना (B) अंधेरा होना | |
| | (C) दोपहर होना (D) प्रभात होना । | |
| | **उत्तर :** (D) प्रभात होना | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| II. | **निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :** 5 × 1 = 5 | |
| 11. | गिल्लू की प्रिय लता : सोनजुही : : गिल्लू का प्रिय खाद्य : ....................... <br> **उत्तर :** काजू | 1 |
| 12. | बसंत : अहीर टीला : : पंडित राजकिशोर : ....................... <br> **उत्तर :** किशनगंज | 1 |
| 13. | भोला-भाला : बालकृष्ण : : चुगलखोर : ....................... <br> **उत्तर :** बलराम | 1 |
| 14. | कावेरी : नदी : : जोग : ..................... <br> **उत्तर :** जलप्रपात | 1 |
| 15. | जलालुद्दीन : जीजा : : शम्शुद्दीन : .................... <br> **उत्तर :** चचेरा भाई | 1 |
| III. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** 5 × 1 = 5 | |
| 16. | लेखक प्रेमचंदजी को दुकान में क्या नज़र आया ? <br> **उत्तर :** लेखक प्रेमचंदजी को रंगदार गुलाबी सेब नज़र आये । | 1 |
| 17. | गिलहरी गर्मी के दिनों में कहाँ लेट जाती थी ? <br> **उत्तर :** सुराही पर | 1 |
| 18. | बहाने बनाने का प्रमुख कारण क्या है ? <br> **उत्तर :** आलस्य | 1 |
| 19. | भारत के खेत कैसे हैं ? <br> **उत्तर :** हरे-भरे | 1 |
| 20. | इंटरनेट का अर्थ क्या है ? <br> **उत्तर :** अनगिनत कंप्यूटरों के कई अंतर्जालों का एक दूसरे से संबंध स्थापित करने का जाल । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| IV. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** $10 \times 2 = 20$ | |
| 21. | ई-गवर्नेन्स क्या है ?<br>**उत्तर :** सरकार के सभी कामकाज का विवरण, अभिलेख, सरकारी आदेश आदि को यथावत् लोगों को सूचित करना ......। | 2 |
| 22. | दुकानदार ने लेखक से क्या कहा ?<br>**उत्तर :** दुकानदार ने कहा - बाबूजी, बड़े मज़ेदार सेब आये हैं, खास कश्मीर के । आप ले जाएँ, खाकर तबीयत खुश हो जायेगी । | 2 |
| 23. | बसंत राजकिशोर से दो पैसे लेने से क्यों इनकार करता है ?<br>**उत्तर :** बसंत स्वाभिमानी था । वह मेहनत से पैसे कमाना चाहता था । पंडित राजकिशोर द्वारा दिये गये मुफ्त के पैसों को वह भीख समझता था । | 2 |
| 24. | बचेंद्री पाल का बचपन कैसे बीता ?<br>**उत्तर :** बचेंद्री को बचपन में रोज़ पाँच किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल जाना पड़ता था । पर्वतारोहण प्रशिक्षण के दौरान कठोर परिश्रम करना पड़ता था । सिलाई करके पढ़ाई का खर्च जुटाया । | 2 |
| 25. | मनुष्य के लिए सुख की प्राप्ति कब संभव है ?<br>**उत्तर :** समय बहुत अनमोल है । समय को नष्ट किये बिना काम करने से सुख की प्राप्ति होती है । | 2 |
| 26. | यशोदा कृष्ण के क्रोध को कैसे शांत करती है ?<br>**उत्तर :** यशोदा क्रोधित कृष्ण को समझाती है कि, बलराम जन्म से ही धूर्त और चुगलखोर है । वह गोधन की कसम खाकर कहती है कि मैं तुम्हारी माता हूँ और तुम मेरे पुत्र हो । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 27. | नर किन-किन को एक समान लाँघ सकता है ?<br><br>**उत्तर :** नर सरित्, गिरि, सिंधु को एक समान लाँघ सकता है । | 2 |
| 28. | शनि सौर-मंडल का सर्वाधिक सुंदर ग्रह है । कैसे ?<br>**अथवा**<br>शनि एक अत्यंत ठंडा ग्रह है । कैसे ?<br>**उत्तर :** * शनि ग्रह के चहूँ ओर वलय दिखाई देते हैं ।<br>* ये वलय अत्यंत विस्तृत और स्पष्ट हैं ।<br>* शनि के इन वलयों या कंकणों ने इसे सौरमंडल का सर्वाधिक सुंदर ग्रह बनाया है ।<br>**अथवा**<br>* शनि ग्रह सूर्य से पृथ्वी की अपेक्षा करीब दस गुना अधिक दूर है ।<br>* इसलिए वहाँ बहुत कम सूर्य ताप पहुँचता है ।<br>* शनि के वायुमंडल का तापमान शून्य के नीचे 150° सेंटिग्रेड के आसपास रहता है । | 2 |
| 29. | शास्त्र में सत्य बोलने का तरीका कैसे समझाया गया है ?<br>**अथवा**<br>सत्य के स्वरूप के बारे में लेखक के विचार स्पष्ट कीजिए ।<br>**उत्तर :** सत्य बोलो जो दूसरों को प्रिय लगे । अप्रिय सत्य मत बोलो ।<br><br>**अथवा** | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | सत्य बहुत ही भोला-भाला, बहुत सीधा-सादा है । सत्य दृष्टि का प्रतिबिंब है । ज्ञान की प्रतिलिपि है, आत्मा की वाणी है । जो कुछ भी आँखों से देखा, उसे बिना नमक-मिर्च लगाए बोलना ही सत्य है । | 2 |
| 30. | सौरमंडल में शनि ग्रह का क्या स्थान है ?<br>**अथवा**<br>शनि ग्रह का निर्माण किन गैसों से हुआ है ?<br>**उत्तर :** सौरमंडल के सबसे बड़े ग्रह बृहस्पति के बाद शनि ग्रह की कक्षा है । शनि सौरमंडल का दूसरा बड़ा ग्रह है ।<br>**अथवा**<br>शनि ग्रह का निर्माण हाइड्रोजन, हीलियम, मीथेन तथा एमोनिया गैसों से हुआ है । | 2 |
| V. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :** 11 × 3 = 33 | |
| 31. | गिल्लू के कार्य-कलाप के बारे में लिखिए ।<br>**उत्तर :** * महादेवी वर्मा जी का ध्यान आकर्षित करने के लिए पैर तक आकर सर्र से परदे पर चढ़ता और उतरता ।<br>* वर्मा जी को चौंकाने के लिए कभी फूलदान के फूलों में, कभी परदे की चुन्नट में, तो कभी सोनजुही की पत्तियों में छिप जाता ।<br>* खाते समय थाली से एक-एक चावल उठाकर बड़ी सफ़ाई से खाता रहता ।<br>* लेखिका के सिरहाने बैठकर अपने नन्हें पंजों से सिर और बालों को हौले से सहलाता ।<br>* खिड़की के रास्ते बाहर जाकर दिन भर गिलहरियों के झुंड का नेता बनकर डाल पर उछलता-कूदता ।<br>( इनमें से कोई तीन-चार अंश ) | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 32. | नमाज़ के बारे में जैनुलाबदीन के विचार स्पष्ट कीजिए ।<br>**उत्तर :** 'जैनुलाबदीन नमाज़ की प्रासंगिकता के बारे में कहते हैं कि – 'जब तुम नमाज़ पढ़ते हो तो तुम अपने शरीर से इतर ब्रह्मांड का एक हिस्सा बन जाते हो; जिसमें दौलत, आयु, जाति या धर्म-पंथ का कोई भेदभाव नहीं होता ।' | 3 |
| 33. | 'सोशल नेटवर्किंग' एक क्रांतिकारी खोज है । कैसे ? बताइए ।<br>**उत्तर :** सोशल नेटवर्किंग एक क्रांतिकारी खोज है, जिसने दुनिया भर के लोगों को एक जगह पर ला खड़ा कर दिया है । इसके कई साइट्स हैं, जैसे – फेसबुक, आरकुट, ट्विटर, लिंकडइन आदि । इन साइटों के कारण देश-विदेश के लोगों की रहन-सहन, वेश-भूषा, खान-पान के अलावा संस्कृति, कला आदि का प्रभाव शीघ्रातिशीघ्र हमारे समाज पर पड़ रहा है । | 3 |
| 34. | लेखक के धूप का चश्मा खो जाने की घटना का वर्णन कीजिए ।<br>**उत्तर :** * दूसरे दिन लेखक बैठक में जाने के लिए धूप का चश्मा खोजने लगे, तो वह नहीं मिला ।<br>* लेखक ने एक-दो लोगों से कहा, तो बात फैल गयी ।<br>* लेखक बिना धूप का चश्मा लगाये बैठक में पहुँचे ।<br>* बैठक में पंद्रह मिनट चाय की छुट्टी हुई ।<br>* एक सज्जन लेखक के पास आकर सहानुभूति प्रकट करने लगे ।<br>* लेखक ने देखा कि सज्जन ने जो चश्मा पहना था वह उन्हीं का था । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 35. | बचेंद्री ने पहाड़ पर चढ़ने की तैयारी कैसे की ? बताइए ।<br>**उत्तर :** * बचेन्द्री ने पर्वतारोहण का प्रशिक्षण लिया ।<br>* उन्होंने कालानाग, गंगोत्री ग्लेशियर और रूड गेरो पर्वतों की चढ़ाई की, जिससे उनमें आत्मविश्वास और बढ़ गया ।<br>* अगस्त 1983 में दिल्ली में हिमालय पर्वतारोहियों के सम्मेलन में पहली बार तेनसिंग नोर्गे और जुंके ताबी से मिली और उनसे प्रभावित हुई । | 3 |
| 36. | आजकल शिक्षित समाज में किसके बारे में विचार किया जाता है । स्पष्ट कीजिए ।<br>**उत्तर :** * आजकल शिक्षित समाज में प्रोटीन और विटामिन के बारे में विचार किया जा रहा है ।<br>* टोमाटो को पहले कोई भी नहीं पूछता था । अब टोमाटो भोजन का आवश्यक अंग बन गया है ।<br>* गाजर भी पहले गरीबों के पेट भरने की चीज़ थी । मगर अब पता चला है कि गाजर में भी बहुत विटामिन है ।<br>* रोज़ एक सेब खाने से डॉक्टर की ज़रूरत न रहेगी । | 3 |
| 37. | मातृभूमि के प्रकृति सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।<br>**उत्तर :** * मातृभूमि के खेत हरे-भरे हैं ।<br>* मातृभूमि के वन-उपवन फल-फूलों से भरे हुए हैं ।<br>* मातृभूमि के अंदर खनिजों का व्यापक धन भरा हुआ है । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 38. | 'प्रकृति पर सर्वत्र है विजयी पुरुष आसीन' इस पंक्ति का आशय बताइए ।<br><br>**उत्तर :** * आज मानव ने प्रकृति के अनेक तत्वों को अपने नियंत्रण में कर लिया है ।<br>* वारि, विद्युत और भाप अपनी इच्छानुसार उपयोग कर सकता है ।<br>* अपनी आज्ञानुसार पवन के ताप को भी बदल सकता है । | 3 |
| 39. | कवि सियारामशरण गुप्त जी ने समय के महत्व का वर्णन कैसे किया है ? स्पष्ट कीजिए ।<br><br>**उत्तर :** * समय बहुत अमूल्य है । उसका महत्व धन से भी ज्यादा है ।<br>* आलस्य को छोड़कर समय पर काम करने से सुख की प्राप्ति होती है ।<br>* समय के महत्व को जानकर आगे बढ़ें । समय नष्ट न करें ।<br>* संसार का कोई भी द्रव्य इसकी बराबरी नहीं कर सकता ।<br>* यह भगवान का दिया अनुपम धन है ।<br>* किसी भी क्षण को तुच्छ न समझें क्योंकि बीता वक्त कभी नहीं आता ।<br>* अपने आप पर विश्वास रखें और समय पर काम करें ।<br>* व्यर्थ समय गँवाने पर पछताना पड़ता है ।<br>( इनमें से कोई तीन-चार अंश ) | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 40. | निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :<br><br>दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान ।<br>तुलसी दया न छाँड़िये, जब लग घट में प्राण ।।<br><br>**उत्तर :** प्रस्तुत दोहे में तुलसीदास जी ने स्पष्ट रूप से बताया है कि, दया धर्म का मूल है और अभिमान पाप का । इसलिए जब तक शरीर में प्राण है तब तक मानव को अपना अभिमान छोड़कर दयालु बने रहना चाहिए । | 3 |
| 41. | गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :<br><br>कर्नाटक का प्राकृतिक सौंदर्य नयन मनोहर है । पश्चिम में विशाल अरबी समुद्र है । दक्षिण में नीलगिरि की पर्वतावलियाँ हैं ।<br><br>**उत्तर :** ಕರ್ನಾಟಕದ ಪ್ರಕೃತಿ ಸೌಂದರ್ಯವು ನಯನ ಮನೋಹರವಾಗಿದೆ. ಪಶ್ಚಿಮದಲ್ಲಿ ವಿಶಾಲ ಅರಬ್ಬೀ ಸಮುದ್ರವಿದೆ. ದಕ್ಷಿಣದಲ್ಲಿ ನೀಲಗಿರಿಯ ಪರ್ವತ ಶ್ರೇಣಿಗಳಿವೆ.<br><br>The beauty of nature in Karnataka is fascinating. The vast Arabian Sea lies to the west. Neelgiri mountain range is to the south of Karnataka. | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| VI. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :** 3 × 4 = 12 | |
| 42. | कन्नड़ भाषा तथा संस्कृति को कर्नाटक के साहित्यकारों की क्या देन है ? स्पष्ट कीजिए ।<br>**अथवा**<br>कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला का वर्णन कीजिए ।<br>**उत्तर :** * वचनकार बसवण्णा क्रांतिकारी समाज सुधारक थे । अक्कमहादेवी, अल्लमप्रभु, सर्वज्ञ जैसे संतों ने अपने अनमोल वचनों द्वारा प्रेम, दया और धर्म की सीख दी है ।<br>* पुरंदरदास, कनकदास जैसे भक्त कवियों ने भक्ति, नीति, सदाचार के गीत गाये हैं ।<br>* पंप, रन्न, पोन्न, कुमारव्यास, हरिहर, राघवांक आदि कवियों ने कन्नड़ साहित्य को समृद्ध बनाया है ।<br>* आधुनिक काल के साहित्यकार कुवेम्पु, द. र. बेंद्रे, शिवराम कारंत, मास्ति वेंकटेश अय्यंगार, वि. कृ. गोकाक, यू. आर. अनंतमूर्ति, गिरीश कार्नाड और चंद्रशेखर कंबार ज्ञानपीठ पुरस्कार से अलंकृत हैं । यह कन्नड भाषा, संस्कृति तथा कर्नाटक के लिए गौरव का विषय है ।<br>**अथवा**<br>* कर्नाटक की शिल्पकला अनोखी है ।<br>* बादामी, ऐहोले, पट्टदकल्लू में जो मंदिर हैं, उनकी शिल्पकला और वास्तुकला अद्‌भुत है ।<br>* बेलूर, हलेबीडू, सोमनाथपुर के मंदिरों में पत्थर की मूर्तियाँ सजीव लगती हैं ।<br>* श्रवणबेलगोल में गोमटेश्वर की 57 फीट एकशिला प्रतिमा है ।<br>* विजापुर के गोलगुंबज की व्हिस्परिंग गैलरी वास्तुकला का अद्वितीय नमूना है ।<br>* मैसूर का राजमहल कर्नाटक के वैभव का प्रतीक है ।<br>* प्राचीन सेंट फिलोमिना चर्च, जगनमोहन राजमहल का पुरातत्व वस्तु संग्रहालय अत्यंत आकर्षणीय है । | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 43. | पंडित राजकिशोर के मानवीय व्यवहार का परिचय दीजिए । | |
| | **अथवा** | |
| | 'बसंत एक ईमानदार बालक है ।' इस बात का समर्थन कीजिए । | |
| | **उत्तर :** * पंडित राजकिशोर का जीवन आदर्शप्राय है । | |
| | * वे मज़दूरों के नेता थे । | |
| | * वे निःस्वार्थ भाव से सेवा करते थे । | |
| | * बसंत से कुछ खरीदकर उसकी सहायता करना चाहते हैं । | |
| | * बसंत के स्वाभिमान और ईमानदारी से प्रभावित है । | |
| | * दुर्घटना का विचार सुनते ही बसंत के घर पर जाते हैं और उसकी मदद करते हैं । | |
| | * डॉक्टर को फोन करते हैं और एंबुलेन्स का प्रबंध करते हैं । | |
| | * गरीबों के प्रति हमदर्दी दिखाते हुए आदर के साथ व्यवहार करने वाले राजकिशोर का चरित्र अनुसरणीय है । | |
| | **अथवा** | 4 |
| | * बसंत एक गरीब शरणार्थी लड़का है । | |
| | * वह स्वाभिमानी और परिश्रमी है । | |
| | * पंडित राजकिशोर जी बसंत से कुछ न खरीदकर पैसे देना चाहते हैं तो बसंत मुफ्त के पैसों को भीख समझता है और अपनी मेहनत से पैसे कमाना चाहता है । | |
| | * दुर्घटना में घायल होने के बावजूद वह भुने हुए पैसे लौटाने को अपने भाई प्रताप को पंडित राजकिशोर के घर भेजता है । | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 44. | निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :<br>असफलता ..............................................<br>............................................................<br>............................................................<br>............................................... भागो तुम ।<br>**उत्तर :** असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,<br>क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो ।<br>जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,<br>संघर्ष का मैदान छोड़कर मत भागो तुम । | 4 |
| VII. 45. | **गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**<br>$5 \times 1 = 5$<br>भारत को अपनी जिस परंपरा पर गर्व है उसमें, सब से प्राचीन भाषाओं में एक, तमिल का बहुत बड़ा योगदान है । कोई दो हज़ार वर्ष पूर्व तमिलनाडु के किसी नगर में एक जुलाहा रहता था । उसका स्वभाव बड़ा शांत और निश्चल था । वह किसी भी कारण से कभी क्रोधित नहीं होता था । लोग उसके पास कोई समस्या लेकर जाते तो अपने आचरण से उसका समाधान कर देता था । उसके इस शांत स्वभाव के कारण लोग उसे 'संत जुलाहा' कहा करते थे ।<br>अ) प्राचीन भाषाओं में किस भाषा का बहुत बड़ा योगदान है ?<br>आ) जुलाहे का स्वभाव कैसा था ?<br>इ) जुलाहे के पास लोग क्यों जाते थे ?<br>ई) उसे 'संत जुलाहा' क्यों कहा जाता था ?<br>उ) जुलाहा कहाँ रहता था ? | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **उत्तर :** अ) तमिल भाषा का । | 1 |
| | **उत्तर :** आ) शांत और निश्चल स्वभाव का था । | 1 |
| | **उत्तर :** इ) समस्या लेकर जाते थे । | 1 |
| | **उत्तर :** ई) उसके शांत स्वभाव के कारण ..... । | 1 |
| | **उत्तर :** उ) तमिलनाडु के किसी नगर में । | 1 |
| VIII. 46. | **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 15 - 20 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** 1 × 5 = 5<br>क) वन महोत्सव<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ वृक्षों का महत्व और उपयोग<br>✳ वनों के नाश व कारण<br>✳ वृक्षों की रक्षा के उपाय<br>✳ उपसंहार ।<br>ख) स्वच्छ भारत अभियान<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ स्वच्छता का महत्व<br>✳ स्वच्छ परिसर और मानव<br>✳ स्वच्छता के उपाय<br>✳ उपसंहार ।<br>ग) इंटरनेट का योगदान<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ इंटरनेट का अर्थ<br>✳ इंटरनेट के उपयोग<br>✳ इंटरनेट का योगदान<br>✳ उपसंहार । | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **उत्तर :** ✳ प्रस्तावना 1<br>✳ विषय विस्तार 2<br>✳ उपसंहार 1<br>✳ भाषा का प्रयोग 1 | 5 |
| IX.<br><br>47. | **निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** $1 \times 5 = 5$<br>परीक्षा तैयारी के बारे में अपनी माताजी को पत्र लिखिए ।<br>**अथवा**<br>कोई भी सकारण देते हुए अपने मुख्य अध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए ।<br>**उत्तर :** पत्र लेखन :<br>पारिवारिक पत्र<br>✳ प्रेषक का पता व दिनांक $\frac{1}{2}$<br>✳ संबोधन एवं अभिवादन 1<br>✳ पत्र का कलेवर $2\frac{1}{2}$<br>✳ समाप्ति $\frac{1}{2}$<br>✳ पत्र पानेवाले का पता $\frac{1}{2}$<br>**अथवा**<br>व्यावहारिक पत्र<br>✳ प्रेषक का पता $\frac{1}{2}$<br>✳ पत्र पानेवाले का पता $\frac{1}{2}$<br>✳ विषय $\frac{1}{2}$<br>✳ संबोधन $\frac{1}{2}$<br>✳ पत्र का कलेवर $2\frac{1}{2}$<br>✳ समाप्ति $\frac{1}{2}$ | 5 |

6 **● RF(A)/100/3344**

# A

ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 12 ]

Total No. of Printed Pages : 12 ]

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 38 ]

Total No. of Questions : 38 ]

**CCE RF**
**UNREVISED**
**FULL SYLLABUS**

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H**

**Code No. : 61-H**

## ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

## Subject : Third Language — HINDI

**( ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Fresh )**

ದಿನಾಂಕ : 12. 04. 2023 ] [ Date : 12. 04. 2023

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1-30 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-30 A.M. to 1-30 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 38 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।

[ Turn over

यहाँ से काटिए

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

**Tear here**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 8 × 1 = 8**

1. 'ज्ञान' शब्द का विलोम रूप है –

   (A) सुज्ञान (B) अज्ञान

   (C) विज्ञान (D) जान

2. 'बहन' शब्द का पुल्लिंग रूप है –

   (A) लड़का (B) बाप

   (C) बेटा (D) भाई

3. निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द है –

   (A) कहानी (B) किताब

   (C) पैसे (D) कपड़ा

4. निम्नलिखित में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

   (A) गिराना (B) गिरना

   (C) गिरावट (D) गिर

5. परोपकार शब्द में संधि है –

(A) दीर्घ (B) वृद्धि

(C) गुण (D) यण

6. 'राजमहल' शब्द में समास है –

(A) कर्मधारय (B) द्वंद्व

(C) द्विगु (D) तत्पुरुष

7. मोटर उसके ऊपर से निकल गई !

वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

(A) विस्मयादिबोधक (B) पूर्ण विराम

(C) प्रश्नवाचक (D) अल्प विराम

8. देश को तुम ..................... गर्व है ।

रिक्त स्थान में सही कारक चिह्न होगा –

(A) में (B) का

(C) की (D) पर

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :** **4 × 1 = 4**

9. सक्सेना परिवार का मालिक : धीरज सक्सेना : : रोबोट कंपनी का मालिक : ......................

10. कुवेंपु : ज्ञानपीठ से पुरस्कृत : : डॉ. सी. एन. आर. राव : ......................

11. टोली का नाम : बाल-शक्ति : : टोली का मुखिया : ..................

12. कृष्ण को चिढ़ाने वाला : बलराम : : कृष्ण को मनाने वाली : ..................

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **4 × 1 = 4**

13. टोमाटो किसका आवश्यक अंग बन गया है ?

14. 'बाल-शक्ति' टोली की तारीफ़ किसने की ?

15. कवि किसे प्रणाम कर रहे हैं ?

16. दिनकर जी के अनुसार आज की दुनिया कैसी है ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** **8 × 2 = 16**

17. चप्पलों की चोरी होने पर ईमानदार डेलिगेट ने क्या सुझाव दिया ?

18. धीरज सक्सेना ने घर में रोबोट रखने का निर्णय क्यों लिया ?

19. लालिम और किंचा लालीदाम ने किन-किन जानवरों से मुलाकात की ?

20. प्रेमचंद के अनुसार सेब का क्या महत्व है ?

21. दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?

22. बलराम कृष्ण के माता-पिता के बारे में क्या कहता है ?

23. शनि ग्रह के उपग्रहों के बारे में लिखिए ।

**अथवा**

'शनि ग्रह' सौरमंडल का अत्यंत सुंदर ग्रह है । कैसे ?

24. 'सत्य की महिमा' पाठ में किन-किन महान् व्यक्तियों का उल्लेख किया गया है ?

**अथवा**

मीना मैडम ने कार्यशिबिर में किन-किन कार्यक्रमों का आयोजन किया था ?

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए : 9 × 3 = 27**

25. लेखिका के प्रति गिल्लू की ममता का वर्णन कीजिए ।

26. जलालुद्दीन के व्यक्तित्व का परिचय दीजिए ।

27. 'सोशल नेटवर्किंग' एक क्रांतिकारी खोज है । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

28. एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बचेन्द्री ने क्या-क्या किया ? विवरण दीजिए ।

29. कर्नाटक के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

30. कविता में मातृभूमि के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कैसे किया है ? बताइए ।

31. कविता के आधार पर समय के महत्व को समझाइए ।

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

मुखिया मुख सों चाहिए, खान पान को एक ।

पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक ।।

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :

प्रकृति हमारी माता है । इसलिए हमें प्राकृतिक संपत्ति का सदुपयोग करना चाहिए । अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखना हमारा कर्तव्य है ।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए : 2 × 4 = 8**

34. राजकिशोर के दया गुण और सेवा भाव का वर्णन कीजिए ।

**अथवा**

बसंत एक स्वाभिमानी और ईमानदार लड़का है । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

[ Turn over

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

असफलता .................................................

.........................................................

.........................................................

............................................. भागो तुम ।

**VII.** 36. **गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

**1 × 4 = 4**

विवेकानंद रोज व्यायाम करते थे । इसलिए उनका शरीर स्वस्थ और सुंदर था । उनकी बुद्धि प्रखर थी । वे मृदुभाषी थे । बचपन से ही उनका झुकाव धर्म और दर्शन की ओर था । भगवद्गीता उनकी प्रिय पुस्तक थी, जिसे वे रोज

पढ़ते थे । ईश्वर को देखने की प्रबल आकांक्षा बचपन से ही उनके मन में थी ।

विवेकानंद के अनुसार नास्तिक वह है जो अपने ऊपर विश्वास नहीं करता ।

अ) विवेकानंद का शरीर कैसा था ?

आ) विवेकानंद रोज कौन-सी पुस्तक पढ़ते थे ?

इ) विवेकानंद की प्रबल आकांक्षा क्या थी ?

ई) विवेकानंद के अनुसार नास्तिक कौन है ?

**VIII.** 37. **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 - 15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** **1 × 4 = 4**

क) **ग्राम सुधार**

* ✱ प्रस्तावना
* ✱ गाँवों की समस्याएँ
* ✱ गाँवों को सुधारने के लिए सुझाव
* ✱ उपसंहार ।

[ Turn over

ख) **जनसंख्या समस्या - समाधान**

* प्रस्तावना

* जनसंख्या वृद्धि के कारण और परिणाम

* परिहारोपाय

* उपसंहार ।

ग) **कर्नाटक राज्य**

* प्रस्तावना

* विषय प्रवेश

* कर्नाटक की विशेषताएँ

* उपसंहार ।

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** **1 × 5 = 5**

38. अपने घर में मनाये गये हर घर तिरंगा कार्यक्रम के बारे में वर्णन करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए ।

**अथवा**

कोई सकारण देते हुए अपने मुख्य अध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए ।

ಕರ್ನಾಟಕ ಪ್ರೌಢ ಶಿಕ್ಷಣ ಪರೀಕ್ಷಾ ಮಂಡಳಿ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003

**KARNATAKA SECONDARY EDUCATION EXAMINATION BOARD, MALLESWARAM, BANGALORE - 560 003**

# एस.एस.एल.सी मुख्य परीक्षा – 2021

# ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ ಮುಖ್ಯ ಪರೀಕ್ಷೆ – 2021

## पत्र / Paper – 02

**विषय : प्रथम भाषा + द्वितीय भाषा + तृतीय भाषा / एन.एस.क्यू.एफ**

ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ + ದ್ವಿತೀಯ ಭಾಷೆ + ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ / ಎನ್.ಎಸ್.ಕ್ಯೂ.ಎಫ್

**(CCERF/CCERR/CCEPF/CCEPR/NSR/NSPR)**

